**रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालय, नं.1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 500 009.**
**(हिंदी कक्ष)**

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक                                    दिनांक : 05.11.2015

विषय : 09/2015 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 09/2015 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 19.10.2015 को दोपहर 3.00 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री ए. विश्वेश्वर राव, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ए. विश्वेश्वर राव, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री बी. बाल जवाहर, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री बी. शिव शंकर, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | सदस्य |
| 4. | श्रीमती के. लक्ष्मी कुमारी, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | सदस्य |
| 5. | श्री एन. पट्टाभिरामा राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री जी. जयसूर्यन नायर | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्री टी. राम मूर्ति | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्री टी. विजयन् | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री जी. रमेश कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री एम. सतीश कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्रीमती सुवर्ण ज्योति कुमुद | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 12. | श्री सी. नागराजा राव | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 13. | श्री खाजा मोहियुद्दीन | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 14. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | सदस्य सचिव |

अन्य उपस्थित
(1) श्रीमती ओनिमा के. दास, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक
(2) श्रीमती एम. विजयलक्ष्मी, लिपिक

**"बैठक का कार्यवृत्त"**

सर्वप्रथम समिति के नए सदस्या श्री एम. सतीश कुमार , वरिष्ठ लेखा अधिकारी का परिचय दिया गया । इसके उपरांत सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

**मद सं.1 - दिनांक 29.06.2015 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 29.06.2015 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 29.06.2015 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. हिंदी कार्यशाला का आयोजन - समिति को सूचित किया गया कि वे.ले.का. (अ.श्रे) ई.एम.ई., सिकंदराबाद में दिनांक 03.08.2015 से 07.08.2015 तक की अवधि के दौरान पाँच दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में 19 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया ।

2. हिंदी प्रशिक्षण - पिछली बैठक में सूचित किया गया था कि वे.ले.का. (अ.श्रे) ई.एम.ई., सिकंदराबाद के परिसर में हिंदी प्रबोध की कक्षाएं चल रही हैं जिसकी अंतिम परीक्षा 19.05.2015 को आयोजित की गई । इसका परिणाम प्राप्त हो गया है और कुल 14 कर्मचारी उत्तीर्ण हुए हैं और नियंत्रक महोदय के अनुमोदन के साथ उन सभी को हिंदी प्रवीण पाठ्यक्रम में नामित किया गया है । इस पाठ्यक्रम की अंतिम परीक्षा नवंबर, 2015 में आयोजित की जाएगी ।

3. हिंदी दिवस, 2015 का आयोजन - जैसा कि पिछली बैठक में सूचित किया गया, सितंबर, 2015 में दिनांक 04.09.2015 से 18.09.2015 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया और दिनांक 24.09.2015 को हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया । इस दौरान कुल 04 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और साथ ही हिंदी प्रोत्साहन योजना के विजेताओं को नकद पुरस्कार और राजभाषा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए ।

**मद सं. 2 - पिछली दो तिमाहियों 03/2015 तथा 06/2015 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :**

इस संगठन की पिछली दो तिमाहियों 03/2015 तथा 06/2015 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

1. धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 03/2015 | 256 | 256 | शून्य |
| 06/2015 | 270 | 270 | शून्य |

2. हिंदी पत्राचार की स्थिति :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 03/2015 | 11406 | 7515 | 60.28% |
| 06/2015 | 10781 | 6931 | 60.86% |

समिति को सूचित किया गया कि दोनों तिमाहियों के आंकड़ों की तुलना करने पर हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में थोड़ी बढ़त हुई है । अध्यक्ष महोदय ने पूछा कि मुख्य कार्यालय और वे.ले.का. के अतिरिक्त अन्य उप-कार्यालयों के पास से हिंदी पत्राचार का प्रतिशत कितना है । वरिष्ठ अनुवादक ने कहा कि बड़े कार्यालयों से तुलना करने पर इन कार्यालयों में हिंदी पत्राचार का प्रतिशत कम है । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि इन कार्यालयों से जो भी नेमी पत्राचार मुख्य कार्यालय में प्राप्त होता है उसे द्विभाषी बनाया जाए और इससे संगठन के कुल हिंदी पत्राचार में बहुत अधिक बढ़ौतरी हो सकती है । वरिष्ठ अनुवादक ने इसे नोट किया ।

**<u>मद सं. 3</u> - <u>रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा</u> -**

समिति को अवगत कराया गया कि पिछली तिमाही में महानियंत्रक कार्यालय से कुल 12 पत्र प्राप्त हुए हैं। इसमें से अधिकतर पत्र हिंदी दिवस/पखवाड़े से संबंधित हैं । एक पत्र संसदीय समिति के निरीक्षण से संबधित है जिसमें महानियंत्रक कार्यालय ने निरीक्षण प्रश्नावली को ठीक से भरने का निदेश दिया है क्योंकि ध्यान से तथ्यात्मक जानकारी प्रश्नावली में न भरने के कारण समिति की प्रतिकूल टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है । साथ ही मुख्यालय कार्यालय ने सभी कम्प्यूटरों पर यूनिकोड सक्रिय करने का निदेश दिया है । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि यदि किसी कम्प्यूटर में यूनिकोड सक्रिय करने में कठिनाई आ रही है तो ई.डी.पी. केंद्र से संपर्क करके इस काम को तुरंत पूरा कर लिया जाए । समिति को सूचित किया गया कि इस संगठन के विशाखापट्टणम् स्थित तीन अधीनस्थ कार्यालयों का रक्षा मंत्रालय (वित्त), नई दिल्ली के अधिकारियों द्वारा राजभाषा निरीक्षण किया गया । निरीक्षण रिपोर्ट अभी मंत्रालय से प्राप्त नहीं हुई है ।

**<u>मद सं. 4</u> - <u>वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा</u>** - समिति के सदस्यों को बताया गया कि इस कार्यालय ने राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के लगभग सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है । वार्षिक कार्यक्रम के मदों पर चर्चा करते समय अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हालांकि राजभाषा विभाग ने हिंदी पत्राचार का लक्ष्य 55% निर्धारित किया है परंतु हमें हिंदी पत्राचार को 70% तक बढ़ाने का लक्ष्य रखना चाहिए । उसी प्रकार टिप्पण आदि के लिए लक्ष्य से अधिक कार्य करने का प्रयास करना चाहिए ।

**<u>मद सं. 5</u> - <u>संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा</u>** :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी अधिकारी | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | 01 | 01 | शून्य |
| 3. | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | 02 | 02 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | 01 | 01 |

सदस्यों को सूचित किया गया कि मुख्यालय कार्यालय द्वारा एक और कनिष्ठ हिंदी अनुवादक को इस संगठन में तैनात किया है और उन्होंने मुख्य कार्यालय में रिपोर्ट किया है । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हिंदी संवर्ग की शक्ति और बढ़ गई है इसलिए और अच्छे प्रदर्शन की अपेक्षा है ।

**<u>मद सं. 6</u>** - **<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई सुझाव</u>** :

<u>सुझाव सं. 1</u> - वरिष्ठ अनुवादक ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे अपने अनुभाग में परिपत्र जारी करने से पहले एक प्रति हिंदी कक्ष को अनुवाद हेतु दे दें ताकि हिंदी और अंग्रेज़ी प्रतियाँ साथ-साथ ही जारी की जा सकें ।

<u>सुझाव सं. 2</u> - अध्यक्ष महोदय ने कहा कि चूँकि अब एक और अनुवादक कार्यालय में उपलब्ध है इसलिए वरिष्ठ अनुवादक व्यक्तिगत रूप से स्थानीय अनुभागों और अधीनस्थ कार्यालयों का नियमित रूप से दौरा करें और जो भी विसंगतियाँ हैं उन्हें दूर करें ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

हस्ता/-
**(जी. जयसूर्यन नायर)**
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. हिंदी अधिकारी, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली ।
2. उप-निदेशक (राजभाषा), हिंदी अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, केन्द्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान, संतोषनगर, हैदराबाद।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

हस्ता/-
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**